उत्तर प्रदेश सहकारी ग्राम विकास बैंक लि0, प्रधान कार्यालय, लखनऊ।

पत्रांक–79118 /सावधि जमा/2017–18 दिनांकः–20.05.2017

समस्त शाखा प्रबन्धक,
उ0प्र0 सहकारी ग्राम विकास बैंक लि0,
उत्तर प्रदेश।

कृपया बैंक के परिपत्र संख्या सी–56/सावधि जमा/2016–17 दिनांक 30.08.2016 का संदर्भ ग्रहण करे, जिसके द्वारा सावधि जमा निक्षेप से प्राप्त धनराशि बैंक आफ बडौदा, शाखा–शाहनजफ रोड, लखनऊ स्थित चालू खाता संख्या–00500200001438 में भेजने के निर्देश दिए गए थे। उक्त संदर्भित परिपत्र तथा पूर्व में प्रधान कार्यालय द्वारा जारी परिपत्र संख्या सी–82/सावधि जमा/2015–16 दिनांक 05.03.2016 द्वारा शाखाओं को स्पष्ट निर्देश दिये गये थे कि सावधि जमा मद में शाखाओं पर प्राप्त शत–प्रतिशत धनराशि अनिवार्य रूप से प्रधान कार्यालय प्रेषित की जायेगी तथा इसका उपयोग किसी भी अन्य मद में नही किया जायेगा। उक्त के क्रम में यह संज्ञान में आया है कि कतिपय शाखायें सावधि जमा मद में प्राप्त शत–प्रतिशत धनराशि का प्रेषण प्रधान कार्यालय को नही कर रही है। यह स्थिति अत्यन्त खेद जनक है तथा प्रधान कार्यालय द्वारा जारी निर्देशों की स्पष्ट अवहेलना है।

उपर्युक्त क्रम में आपको निर्देशित किया जाता है कि सावधि जमा मद में शाखाओं पर प्राप्त धनराशि का शत–प्रतिशत प्रेषण/हस्तान्तरण बैंक आफ बडौदा के निर्धारित खाते में सावधि जमा प्राप्ति तिथि के तीन दिवस के अन्दर अवश्य कर दिया जाये। साथ ही आपको यह भी निर्देशित किया जाता है कि समस्त शाखायें पाक्षिक आधार पर सूचनायें निम्नांकित विवरण के अनुसार माह के द्वितीय तथा अन्तिम एम0आई0एस0 के साथ अपने जनपद की शाखा को अनिवार्य रूप से उपलब्ध करायें।

शाखा में प्राप्त सावधि जमा का विवरण			शाखा द्वारा बैंक ऑफ बड़ौदा के खाते में जमा/हस्तान्तरित धनराशि का विवरण						अन्य विवरण
क्र0	तिथि	सावधि जमा धनराशि	क्र0	तिथि	धनराशि	किस बैंक से हस्तान्तरित की गयी	प्रेषण का तरीका–एन0ई0एफ0टी0/आर0टी0जी0एस0/सी0बी0एस0	यू0टी0आर0 नं0–	
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10
1.									
2.									
		योग–			योग–				

नोट–उपर्युक्त समस्त सूचनायें पूरे वित्तीय वर्ष 2017–18 के लिये दिनांक 01.04.2017 से क्रमिक आधार पर अंकित की जायेगी।

समस्त जनपदीय शाखायें अपने जनपद की सभी शाखओं की सूचना उपरोक्तानुसार निर्धारित प्रारूप पर संकलित करते हुये द्वितीय तथा चतुर्थ एम0आई0एस0 के साथ मण्डलीय शाखा को प्रेषित करेगी तथा समस्त मण्डलीय शाखायें अपने मण्डल की समस्त शाखाओं द्वारा प्रेषित शाखावार संकलित सूचना निर्धारित समयानुसार बैंक की ई मेल आई0डी0 **upsgvbfdidle@gmail.com** पर अनिवार्य रूप से प्रेषित करेगी।

ह0/–
(श्रीकान्त गोस्वामी)
प्रबन्ध निदेशक

प्रतिलिपि–निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1–समस्त जिला स्तरीय शाखा प्रबन्धकों को इस निर्देश के साथ कि उक्त पत्र की प्रति अपने जिले की सभी शाखाओं को प्राप्त कराते हुए उक्त प्रारूप पर समय से सूचना प्रेषित करना सुनिश्चित करें।

2–समस्त मण्डल/जनपद पर्यवेक्षक, प्रधान कार्यालय, लखनऊ।

3–उप महाप्रबन्धक(आई0टी0सेल), प्रधान कार्यालय, लखनऊ को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि उक्त पत्र समस्त जनपदीय प्रबन्धको को ई–मेल द्वारा प्रेषित कराना सुनिश्चित करे।

ह0/–
प्रबन्ध निदेशक